Class No. : ..................................

Name : ......................................

**FY 3005**

# FIRST YEAR HIGHER SECONDARY SECOND TERMINAL EXAMINATION, DECEMBER 2025

## Part – II

## HINDI

**Maximum : 80 Scores**

Time : 2½ Hours

Cool-off Time : 15 Minutes

---

***उम्मीदवारों के लिए सामान्य निर्देश :***

- *लेखन समय के अलावा, यहाँ 15 मिनट का 'कूल ऑफ टाइम' है ।*
- *प्रश्नों से परिचित होने के लिए और अपने उत्तरों की योजना बनाने के लिए 'कूल ऑफ टाइम' का प्रयोग करें ।*
- *उत्तर देने से पहले प्रश्नों को ध्यान से पढ़ें ।*
- *निर्देशानुसार विशिष्ट प्रश्न संख्या के उत्तर लिखें ।*

**Score**

**सूचना : 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें ।** **(5×1=5)**

**1.** 'जुलूस' किस विधा की रचना है ?

(कहानी, कविता, नाट्यरूपांतर)

**2.** किसने रेलगाड़ी से फल और फूल के बीज बाहर फेंक दिया ?

(संभ्रांत महिला, टिकट बाबू, बूढ़ा आदमी)

Score

3. "सिहर भरी कंपती आवेंगी" – कौन ?

(शशि किरणें, मलयानिल की लहरें, तुहिन कण)

4. 'चाँद और कवि' किसकी रचना है ?

(रामधारी सिंह दिनकर, पवन करण, यशपाल)

5. 'उसकी आवाज़ में गहरी उदासी थी' । किसकी ?

(यात्री की, असलम की, रिक्शेवाले की)

**सूचना : 6 से 8 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखें ।** **(2×2=4)**

6. सार्थक वाक्य में बदलें ।

बीरबलसिंहबड़ाजल्लादहै ।

7. चाँद के अनुसार आदमी का स्वप्न कैसा है ?

8. प्रश्नवाचक शब्दों की सहायता से दो प्रश्न बनाएँ । (कौन, कहाँ)

असलम बाबूजी को दफ़्तर पहुँचाता था ।

Score

**सूचना : कवितांश पढ़ें और 9 से 11 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

अरे आ गई है भूली-सी
यह मधुऋतु दो दिन को,
छोटी-सी कुटिया मैं रच दूँ,
नई व्यथा साथिन को !
वसुधा नीचे ऊपर नभ हो,
नीड़ अलग सबसे हो,
झाड़खंड के चिर पतझड़ में
भागो सूखे तिनको !

**9.** 'अरे आ गई है भूली-सी'-कौन ? **(1)**

**10.** 'भागो सूखे तिनको' से क्या तात्पर्य है ? **(2)**

**11.** कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें। **(6)**

**सूचना : 12 से 16 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें।** **(3×4=12)**

**12.** दोहा पढ़ें और भावार्थ लिखें।

साई इतना दीजिए, जामें कुटुंब समाय।
मैं भी भूखा न रहूँ, साधु न भूखा जाय ।।

**13.** ये कथन पढ़ें और इब्राहिम अली के चरित्र पर टिप्पणी लिखें।

- हम दुकानें लूटने या मोटरें तोड़ने नहीं निकले हैं।
- आप बेटन चलाएँ दारोगा जी !

Score

14. दोनों पदों को जोड़कर वाक्य का पल्लवन करें ।

**विद्यार्थी माँगने आया ।**

[ ] गरीब

[ ] मदद

15. जीवन-वृत्त पढ़ें और रामधारी सिंह दिनकर के बारे में अनुच्छेद लिखें ।

**जीवन – वृत्त**

| | | |
|---|---|---|
| नाम | : | रामधारी सिंह दिनकर |
| जन्म | : | 23 सितंबर 1908 |
| जन्मस्थान | : | सिमरिया, बिहार |
| प्रमुख रचनाएँ | : | कुरुक्षेत्र, उर्वशी, रेणुका |
| पुरस्कार | : | ज्ञानपीठ पुरस्कार |
| मृत्यु | : | 24 अप्रैल 1974 |

16. सही मिलान करें ।

| | |
|---|---|
| बिस्कुट कुतरते चुप होना | थका युवक |
| दोपहरी भर सोना | वे दोनों |
| कुचले सपनों को सहलाना | रोता हुआ बच्चा |
| जिंदगी के सपने बुनना | रिटायर्ड बूढ़ा |

**सूचना : गद्यांश पढ़ें और प्रश्न 17 और 18 के उत्तर लिखें ।**

एक बूढ़ा आदमी, जिसके बाल सफ़ेद हो गए थे, ज़मीन खोद रहा था । एक नौजवान ने, जो वहाँ से गुज़र रहा था, उस बुज़ुर्ग को परिश्रम करते देख पूछा, "बाबा यह क्या कर रहे हो ?" "आम की गुठलियाँ बो रहा हूँ " बूढ़े ने कहा । "इस उम्र में ? इसके फल कब खाओगे, बाबा ?" "मैं फल नहीं खा सकता तो क्या हुआ बेटा, तुम तो खा सकोगे ? मेरे-तुम्हारे नाती-पोते तो खाएँगे ? देखो, वह अमराई मेरे दादा ने लगाई थी तो उसके फल मैंने खाए । इसके फल मेरे नाती-पोते खाएँगे ।"

17. बूढ़ा आदमी क्या कर रहा था ? **(2)**

18. गद्यांश का संक्षेपण करें । **(6)**

**सूचना : 19 से 22 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें ।** **(3×6=18)**

19. सितंबर 14 हिंदी दिवस है । इस अवसर पर आपके स्कूल में हिंदी क्लब के द्वारा विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन हो रहा है । उसके लिए एक पोस्टर तैयार करें ।

20. 'वह किसी अपराधी की भाँति सिर झुकाए रिक्शे के साथ-साथ चल रहा था' । यात्री की उस दिन की डायरी लिखें ।

- असलम की मृत्यु की खबर
- असलम के प्रति अपना व्यवहार
- पश्चाताप से उत्पन्न अनुताप

21. लेखक की प्रशंसा सुनकर बैंक का क्लर्क खुश होता है । इसके बारे में वह पत्नी से बातचीत करता है । दोनों के बीच की बातचीत लिखें ।

- बैंक क्लर्क की अच्छी हस्तलिपि
- लेखक द्वारा क्लर्क की प्रशंसा
- क्लर्क की खुशी

Score

22. अंग्रेज़ी संवाद का हिंदी में अनुवाद करें ।

Diya : Hey, did you enjoy our school study tour ?

Amal : Yes, it was amazing.

Diya : I loved the Mysore palace.

Amal : The palace was so grand and beautiful.

Diya : What was your favourite part of the trip ?

Amal : I think it was the hill trip.

Diya : Oh ! the temple was really beautiful too.

(enjoy – आनंद लेना, study tour – अध्ययन यात्रा, amazing – अद्भुत, palace – महल, grand – भव्य, favourite – पसंदीदा)

**सूचना : 23 से 26 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें ।** **(3×8=24)**

23. किसी मन पसंद फिल्म की समीक्षा करें ।

- फिल्म का कथासार
- अभिनय, पटकथा, संवाद, छायांकन आदि
- निदेशक की भूमिका
- फिल्म के प्रति अपना दृष्टिकोण

Score

24. **हिंदी** और **अंग्रेज़ी** के **आठ** सही पारिभाषिक शब्द-जोड़े लिखें ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| Spam | ईक्षण | Search | |
| | Process | प्रारूप | |
| रद्द करें | | अंतर्जाल | Resource |
| संसाधन | Editing | अनचाहा | |
| खोज | प्रक्रिया | Internet | |
| Cancel | Format | | |

25. मीठू कंपनी की ओर से एक नया 'आइस क्रीम' (ice cream) बाज़ार में आया है । उसके लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार करें ।

- 100% शुद्ध दूध से बना
- विभिन्न स्वादों में
- बढ़िया क्वालिटी
- फामिली पैक (Family pack) में उपलब्ध

26. आजकल दहेज प्रथा (dowry system) के कारण स्त्रियों पर होनेवाले अत्याचार बढ़ रहा है । इसे रोकने के लिए केरल सरकार द्वारा की गई कार्रवाइयों की जानकारी पाने के लिए जया, जया विहार, एरणाकुलम की ओर से सार्वजनिक सूचना अधिकारी, समाज कल्याण विभाग, केरल के नाम पर एक सूचना अधिकार पत्र तैयार करें ।

---